

# 2026 में नॉन-स्टॉप चलेगा क्रिकेट

## आईपीएल से लेकर न्यूजीलैंड दौरे तक, भारत पूरे साल टेस्ट, वनडे और टी20 क्रिकेट में व्यस्त रहेगा

**नई दिल्ली, 01 जनवरी. भारतीय क्रिकेट टीम के लिए साल 2026 पूरी तरह से नॉन-स्टॉप क्रिकेट वाला रहने वाला है. आईपीएल 2026 से लेकर साल के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज तक, टीम इंडिया लगभग हर महीने मैदान पर दिखेगी.**

इस शेड्यूल में जहां बड़े विदेशी दौरे शामिल हैं, वहीं एशियन गेम्स जैसे मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में क्रिकेट की मौजूदगी भी खास आकर्षण होगी. कुल मिलाकर, 2026 भारतीय क्रिकेट के लिए ट्रांजिशन, वर्कलोड मैनेजमेंट और बेंच स्ट्रेंथ की असली परीक्षा साबित हो सकता है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर के मुताबिक, साल 2026 टीम इंडिया के लिए बेहद व्यस्त रहने वाला है. यह साल न सिर्फ बड़े टूर और घरेलू सीरीज से भरा होगा, बल्कि खिलाड़ियों के वर्कलोड और टीम कॉम्बिनेशन पर भी बड़ा असर डालेगा.



### आईपीएल 2026 : इंटरनेशनल ब्रेक का बड़ा कारण

साल की शुरुआत भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट से हो, लेकिन 26 मार्च से 31 मई, 2026 तक चलने वाला आईपीएल भारतीय कैलेंडर का सबसे बड़ा ब्लॉक रहेगा. इस दौरान भारत कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेलेगा. अप्रैल और मई का लगभग पूरा समय आईपीएल के नाम रहेगा, जिससे सीनियर खिलाड़ियों को टेस्ट और वनडे क्रिकेट से ब्रेक मिलेगा, लेकिन टी20 फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट का दबाव बना रहेगा.

### जून में अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा भारत

आईपीएल के तुरंत बाद जून 2026 में भारत, अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा. यह एक छोटी लेकिन अहम द्विपक्षीय सीरीज होगी, जिसमें एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे. हालांकि तारीख और वेन्यू अभी तय नहीं हुए हैं, लेकिन यह टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है. 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में एशियन गेम्स आयोजित होंगे. इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में क्रिकेट के टी20 फॉर्मेट में शामिल होने की उम्मीद है. अगर ऐसा होता है, तो भारत संभवतः यंग या सेकेंड स्ट्रिंग टीम भेज सकता है, जैसा कि पिछले एशियन गेम्स में देखा गया था. अक्टूबर-नवंबर 2026 में भारत का न्यूजीलैंड दौरा होगा, जिसे साल का सबसे बड़ा और सबसे कठिन टूर माना जा रहा है. इस दौरे में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 इंटरनेशनल मैच शामिल होंगे.

### 2026 में भारतीय मेन्स टीम का शेड्यूल

जून ने भारत और अफगानिस्तान के बीच भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। 1 से 19 जुलाई के बीच भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। अगस्त में भारत और श्रीलंका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसका आयोजन श्रीलंका में होगा। सितंबर में भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले होंगे। सितंबर-अक्टूबर में इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच भारतीय जमीं पर 3 वनडे और 5 टी20 होंगे। 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच जापान में एशियन गेम्स 2026 (टी20) का आयोजन होगा। अक्टूबर-नवंबर में भारतीय टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इस दौरे पर 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले होंगे। साल के अंत में 3 वनडे और इतने ही 3 टी20 मुकाबलों को लिए श्रीलंका टीम भारत आएगी।

### 2026 में भारतीय विमंस टीम का शेड्यूल

15 फरवरी से 9 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1 टेस्ट, 3 टी20 और 3 वनडे मैच होंगे। 28 मई से 2 जून के बीच इंग्लैंड के खिलाफ 3 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे 12 जून से 5 जुलाई तक विमंस टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन होगा। 10 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ इकलौता वनडे मैच खेला जाएगा। 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच जापान में एशियन गेम्स 2026 खेला जाएगा।

### इंग्लैंड दौरा : पूरा फोकस सफेद गेंद क्रिकेट पर

जुलाई 2026 में भारत का इंग्लैंड दौरा पूरी तरह से लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट पर आधारित होगा. इस दौरे में पांच टी20 इंटरनेशनल और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे. टी20 सीरीज 1 जुलाई से 11 जुलाई तक चलेगी, जबकि वनडे मुकाबले 14 से 19 जुलाई के बीच होंगे. लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे इस दौरे का हाईलाइट माना जा रहा है. यह सीरीज भारत की टी20 और वनडे टीम की डेप्थ टेस्ट करने का बड़ा मौका होगी.

### अगस्त में टेस्ट क्रिकेट की वापसी

अगस्त 2026 में भारत, श्रीलंका का दौरा करेगा, जहां दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी. तारीखें अभी फाइनल नहीं हुई हैं, लेकिन यह सीरीज सब-कॉन्टिनेंट कंडीशंस में टेस्ट टीम की मजबूती को परखने वाली होगी. स्पिनर्स के लिए यह दौरा खास माना जा रहा है.

### सितंबर में बांग्लादेश दौरा

सितंबर 2026 में भारत बांग्लादेश का दौरा करेगा, जहां तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाने की उम्मीद है. यह दौरा पहले स्थगित हो चुका था, जिसे अब इस विंडो में फिट किया गया है. इसी समय भारत में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे व पांच टी20 मैचों की घरेलू सीरीज भी प्रस्तावित है, हालांकि इसका पूरा शेड्यूल अभी ब्ष्टष्द्ब ने कन्फर्म नहीं किया है.

# किलियन एमबाप्पे की चोट से बढ़ी रियल मैड्रिड की मुश्किलें

**घुटने में मोच, बेटिस के खिलाफ मैच से बाहर**

**मेडिकल रिपोर्ट में वापसी की टाइमलाइन नहीं**

**मैड्रिड, 01 जनवरी रियल मैड्रिड के लिए नए साल की शुरुआत राहत की बजाय चिंता के साथ हुई है. क्लब के टॉप स्कोर किलियन एमबाप्पे की घुटने की चोट ने न सिर्फ टीम के अटैक को कमजोर किया है, बल्कि स्पेनिश सुपरकप से पहले कोच ज़ाबी अलोंसो पर भी दबाव बढ़ा दिया है.**

ऐसे समय में जब हर मैच निर्णायक माना जा रहा है, एमबाप्पे का बाहर होना मैड्रिड के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है. रियल मैड्रिड ने 2025 के अंत में एक ऐसी खबर के साथ साल को अलविदा कहा, जिसने क्लब के फैंस और मैनेजमेंट दोनों की चिंता बढ़ा दी. फ्रांसीसी स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबाप्पे ट्रेनिंग के दौरान बाएं घुटने में चोटिल हो गए हैं और क्लब ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उन्हें मोच आई है. इस चोट के चलते एमबाप्पे रविवार को रियल बेटिस के खिलाफ सैंटियागो बर्नबाऊ में होने वाले अहम ला लीगा मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे. इतना ही नहीं, सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपरकप में भी उनकी उपलब्धता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है.



### मेडिकल रिपोर्ट ने बढ़ाई अनिश्चितता


रियल मैड्रिड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, आज रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा किए गए टेस्ट में हमारे खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में मोच पाई गई है. उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी. हालांकि, क्लब ने यह साफ नहीं किया कि एमबाप्पे को ठीक होने में कितना समय लग सकता है. यह कोई नई बात नहीं है.

### सुपरकप से पहले समय की कमी

रियल मैड्रिड को 8 जनवरी को सऊदी अरब के जेद्दा में स्पेनिश सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड का सामना करना है. इसके बाद 11 जनवरी को फाइनल खेला जाना है. ऐसे में एमबाप्पे के पास फिट होने के लिए बेहद सीमित समय है. फुटबॉल जानकारों का मानना है कि घुटने की मोच जैसी चोट से पूरी तरह उबरने में आमतौर पर दो से तीन हफ्ते लग सकते हैं.

**एक नजर में**

## मार्श, हार्डी ने हरिकेंस की घरेलू जीत का सिलसिला रोका



**होबार्ट.** एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग नए साल के दिन के मुकाबले में, पर्थ स्कॉर्चर्स ने बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए होबार्ट हरिकेंस को 40 रनों से हरा दिया और घर पर उनकी लगातार नौ मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया। मिशेल मार्श और आरोन हार्डी ने मिलकर 164 रनों की ऐतिहासिक साझेदारी की, जिससे स्कॉर्चर्स ने 229/3 का विशाल स्कोर बनाया - इस सीजन में यह उनका तीसरा 200 से ज़्यादा का स्कोर था - जिसके बाद गेंदबाजों ने मिलकर हरिकेंस को 189/9 पर रोक दिया। हरिकेंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, यह फैसला शुरू में सही लग रहा था जब नाथन एलिस ने फिन एलन को 16 रन पर आउट किया और मिशेल ओवेन ने कूपर कॉनोली को सिर्फ 4 रन पर आउट कर दिया.



## रांची रॉयल्स और तमिलनाडु ड्रैगन्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन और मजबूत रक्षापंक्ति पर फोकस

**नयी दिल्ली.** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 सीजन के लिए रांची रॉयल्स और अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स गति, उत्कृष्ट प्रदर्शन, आक्रामक शैली और मजबूत रक्षापंक्ति पर फोकस कर रही है। जहां रॉयल्स गति, उत्कृष्ट प्रदर्शन और आक्रामक शैली पर फोकस किये हुए है, वहीं ड्रैगन्स ने शीर्ष स्तर की गोलकीपिंग और भरोसेमंद पेनल्टी-कॉर्नर विकल्प के साथ एक मजबूत रक्षापंक्ति बनाने पर जोर है। गोनासिका की जगह लीग में इस बार रांची रॉयल्स नई फ्रेंचाइजी के तौर पर प्रवेश कर रही है। उसने एक ऐसी टीम बनाई है जो मिडफील्ड में लचीलेपन और मैदान में तेज गतिविधि पर जोर देती है। 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी मनप्रीत सिंह पर टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के अंडर, रॉयल्स ने मनप्रीत को 2025 एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर बेल्जियम के टॉम बून के साथ जोड़ा है।



## यूनाइटेड कप से शुरू होगा टेनिस कैलेंडर 2026

**पर्थ.** वर्ल्ड नंबर 3 कोको गॉफ और वर्ल्ड नंबर 6 टेलर फिट्ज के नेतृत्व वाली टीम यूनाइटेड स्टेट्स 2026 में मिक्स्ड टीमों की प्रतियोगिता यूनाइटेड कप में अपना खिताब बचाने की कोशिश करेगी। 2024 की चैंपियन जर्मनी के पास वर्ल्ड नंबर 3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव और डेब्यू करने वाली ईवा लिस हैं. अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में पोलैंड के लिए इगा स्वीयाटेक और ह्यूबर्ट हुरकाज, ग्रीस के लिए स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सकारी, इटली के लिए जैस्मीन पाओलिनी और फ्लेवियो कोबोली, कनाडा के लिए फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और विक्टोरिया म्बोको, एम्मा राडुकानू, नाओमी ओसाका, एलेक्स डी मिनौर और कैस्पर रूड शामिल हैं.

# सिक्सर्स का रेनेगेड्स के खिलाफ जीत का सिलसिला कायम

**मेलबर्न, 01 जनवरी सिडनी सिक्सर्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ लगातार 10वीं बीबीएल जीत हासिल की, और नए साल के दिन मार्वल स्टेडियम में छह विकेट से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।**

2019 से रेनेगेड्स से न हारने का सिक्सर्स का रिकॉर्ड खतरे में था, जब वे 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 69 रन पर 2 विकेट गंवा चुके थे। लेकिन पाकिस्तान के स्टार बाबर आजम (46 गेंदों में नाबाद 58) और कप्तान मोइसेस हेनरिक्स (23) की शानदार पारी की मदद से सिक्सर्स ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। हेनरिक्स के आउट होने के बाद जोएल डेविस (15 गेंदों में नाबाद 34) ने अपनी बीबीएल की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए एक महत्वपूर्ण कैमियो खेला, जिससे बाबर पर से दबाव कम हुआ, जिन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी की थी।



मार्वल स्टेडियम में मुश्किल पिच और बहुत धीमी आउटफील्ड पर, बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद रेनेगेड्स ने सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन के जरिए बढ़त बनाने की कोशिश की। बेन ड्वार्शुइस के पहले ओवर - पारी के तीसरे ओवर - में 22 रन लेने के बाद, ब्राउन ने 19 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे, इससे पहले कि वह हेडन केर का शिकार हो गए। ब्राउन के आउट होने से पहले रेनेगेड्स ने पांच ओवर में 54 रन बनाए थे और एक बड़े टोटल की ओर देख रहे थे।



## नव वर्ष पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने किए महाकालेश्वर के दर्शन


**उज्जैन.** नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के महाकालेश्वर मंदिर में प्रात:कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की. श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

# एशेज के पांचवें टेस्ट में स्मिथ करेंगे कप्तानी



**सिडनी, 01 जनवरी ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम के लिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया है।**

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से शुरु होने वाले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में, सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। कमिंस, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे, एडिलेड टेस्ट में वापस आए और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की। टीम प्रबंधन ने कमिंस के वर्कलोड को मैनेज करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले उनकी फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए सीरीज के बाकी मैचों के लिए इस तेज गेंदबाज को आराम देने का फैसला किया है। कमिंस को पहले ही इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम में शामिल किया जा चुका है। उस्मान ख्वाजा ने, अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच, सिडनी टेस्ट के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के पहले पसंद के सलामी बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन उनका अभियान काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा।




## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के 334 खिलाड़ी लेंगे भाग

**वडोदरा, 01 जनवरी. देश में टेबल टेनिस को पहचान और बढ़ावा देने के लक्ष्य को लेकर शुक्रवार से शुरु हो रही.**

डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स और उसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में 10 देशों के 334 खिलाड़ी भाग लेंगे। समा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कल से शुरु हो रही डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स दो से पांच जनवरी तक खेली जायेगी। उसके बाद सात से 11 जनवरी तक डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज होगी। इन टूर्नामेंट में यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी और फीडर सीरीज में दस देशों के 108 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आज यहां आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वडोदरा टेबल टेनिस एसोसिएशन की अध्यक्ष जयाबेन ठक्कर ने कहा, टीटीएबी बहुत भाग्यशाली है.

**खेलो इंडिया** ▶ खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स के प्रचार के लिए राज्यभर में निकलेगी मशाल यात्रा

# मशाल गौरव यात्रा को खेल मंत्री अरुण ने दिखाई हरी झंडी

**छत्तीसगढ़. देश में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी को लेकर छत्तीसगढ़ में तैयारियां तेज हो गई हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को उप मुख्यमंत्री और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो राज्यभर में घूमकर इस राष्ट्रीय आयोजन के प्रति लोगों को जागरूक करेगी.**



छत्तीसगढ़ के लिए खेल जगत से जुड़ी एक बड़ी और गर्व की खबर सामने आई है. राज्य को देश में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का अवसर मिला है. इस ऐतिहासिक आयोजन के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गुरुवार को मशाल गौरव यात्रा की शुरुआत की गई. उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मौके पर अरुण साव ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि केंद्र सरकार ने राज्य को खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी है. उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के प्रति आभार व्यक्त किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

### पूरे राज्य में पहुंचेगा प्रचार वाहन

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रचार वाहन शुभंकर 'मोरवीर', थीम सॉन्ग और मशाल के साथ प्रदेशभर में भ्रमण करेगा. यह वाहन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को खेलों के प्रति जागरूक करेगा और ट्राइबल गेम्स की जानकारी देगा. सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा इस आयोजन से प्रेरित हों और खेलों से जुड़ें.